उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## मंगलवार, 01 पौष, शक संवत्, 1931

( दिनांक : 22 दिसम्बर, 2009 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** तथा **"ग"**)।

3. निधन के निदेश।

4. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2009 के द्वितीय सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

5. मुख्यमंत्री, लेखा परीक्षा अधिनियम, 1984 की धारा 8(3) के अन्तर्गत वर्ष 2008-09 का स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तथा वर्ष 2008-09 का सहकारी समितियां एवं पंचायतें लेखा परीक्षा प्रभाग का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. मुख्यमंत्री, संविधान के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक से प्राप्त 31 मार्च, 2008 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए उत्तराखण्ड सरकार का त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (ए आई बी पी) पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।

7. मुख्यमंत्री, संविधान के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक से प्राप्त 31 मार्च, 2008 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए उत्तराखण्ड सरकार का राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम (रा ग्रा स्वा मि) पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।

8. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 105 के अन्तर्गत राज्य विद्युत नियामक आयोग के वर्ष 2007-08 की वार्षिक रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेंगे।

9. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 182 के अधीन उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के विनियमों के निम्नलिखित संकलनों को सदन के पटल पर रखेंगे :-

(1) वितरण अनुज्ञापी द्वारा एच0टी0/ई0एच0टी0 संयोजनों के संविदाकृत भार में वृद्धि/कमी करवाने के लिए कार्य प्रभार।

(2) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (नये ई0एच0टी0 व एच0टी0 संयोजनों का जारी करना, भार में वृद्धि एवं कमी) विनियम, 2008

(3) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (पारेषण दर के निर्धारण हेतु नियम व शर्तें) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2008

(4) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (ऑम्बड्समैन की नियुक्ति एवं कार्य क्षेत्र) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2008

(5) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (उपभोक्ताओं की शिकायत निवारण हेतु सदस्यों की नियुक्ति तथा मंच द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शिका) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2009

(6) उत्तरांचल विद्युत नियामक आयोग (जल उत्पादन की दर के अवधारणा हेतु निबन्धन व शर्तें) विनियम, 2004

(7) उत्तरांचल विद्युत नियामक आयोग (वितरण दर अवधारणा हेतु निबन्धन व शर्तें) विनियम, 2004

(8) उत्तरांचल विद्युत नियामक आयोग (पारेषण दर अवधारणा हेतु निबन्धन व शर्तें) विनियम, 2004

(9) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (विद्युत आपूर्ति संहिता) (द्वितीय संशोधन) विनियम, 2009

10. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

12. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

13. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

14. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965) (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965) (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

18. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1986) (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

19. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1986) (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

20. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973) (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

21. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973) (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

22. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"घ"**)

23. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

24. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड ऊर्जा विकास निधि (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

25. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड ऊर्जा विकास निधि (संशोधन) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

26. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971] (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

27. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971] (संशोधन) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

28. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अधिकारियों के वेतन तथा भत्ते)] (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

29. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अधिकारियों के वेतन तथा भत्ते)] (संशोधन) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

30. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

31. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

32. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005) (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

33. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005) (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

34. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राजभाषा विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

35. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राजभाषा विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

36. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

37. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

---

**(समय : अपराह्न 4:00 बजे)।**

38. मुख्यमंत्री, वित्तीय वर्ष 2009-10 के अनुपूरक अनुदान की मांगें प्रस्तुत करेंगे।

39. राज्य में प्रवाहित होने वाली नदियों के निरन्तर जलस्राव की कमी को रोकने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों के संबंध में दिनांक 15 जुलाई, 2009 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-01 के सम्बन्ध में श्री किशोर उपाध्याय, सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत, दिनांक 21 जुलाई, 2009 को स्थगित, आधे घण्टे की चर्चा।

40. प्रदेश में हो रही विद्युत कटौती के संबंध में दिनांक 20 जुलाई, 2009 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 के सम्बन्ध में श्री प्रीतम सिंह तथा श्रीमती अमृता रावत, सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

41. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 22 दिसम्बर, 2009**

**(महेश चन्द्र)**
सचिव।

'नत्थी-घ'

कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 21–12–2009 की बैठक में दिनांक 22 दिसम्बर के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से रखे जाने की सिफारिश की है:–

दिसम्बर, 2009
22 (मंगलवार)

1. विधायी कार्य

(1) उत्तराखण्ड ऊर्जा विकास निधि (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

(2) उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971] (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

(3) उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अधिकारियों के वेतन तथा भत्ते)] (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

(4) उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

(5) उत्तराखण्ड (उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005) (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

(6) उत्तराखण्ड राजभाषा विधेयक, 2009 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

(7) उत्तराखण्ड मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) विधेयक, 2009 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

2. **वित्तीय वर्ष 2009-10 की अनुपूरक अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण। (04:00 बजे)**

तृतीय सत्र, 2009
का प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 01 पौष, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 22 दिसम्बर, 2009 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| काजी निजामुद्दीन<br>03.12.2009 | ** क्या मुख्यमंत्री बतायेंगें कि नॉन प्लान बजट के वचनबद्ध व्यय (कमिटेड एक्सपेन्डीचर) के लिए राज्य सरकार के पास पर्याप्त धन उपलब्ध है? यदि नहीं, तो इस स्थिति से निबटने के लिए सरकार यथाशीघ्र क्या कदम उठा रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | वित्त |

# नत्थी "ख"

## उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम मंगलवार हेतु स्थगित तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| काजी निजामुद्दीन<br>20.04.2009 | *1. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के नगरीय क्षेत्रों में क्रमशः कितना–कितना पेयजल प्रति नगर प्रतिदिन की आवश्यकता है ओर इसके सापेक्ष विभाग द्वारा प्रति नगर कितना–कितना पेयजल प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाता है? क्या सरकार नगरीय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बढ़ाने के लिए कोई कार्ययोजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री मनोज तिवारी<br>11.05.2009 | *2. | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई कार्य मण्डल नैनीताल के अन्तर्गत वर्ष 2004 से सीमेन्ट सामग्री की खपत का अनुपात सिंचाई निर्माण मण्डल, अल्मोड़ा व गढ़वाल मण्डल के सिंचाई कार्यो से अधिक था? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि बलियानाला योजना के अन्तर्गत सीमेन्ट सामग्री की बढ़ी हुई खपत के दोहरे मापदण्ड के कारण राज्य सरकार को कितनी धनराशि का नुकसान हुआ? क्या सरकार सीमेन्ट सामग्री की खपत के दोहरे मापदण्ड को राज्य स्तर पर एकीकरण करवाने व बढ़े हुए मापदण्ड की जांच करवायेगी व दोषी अधिकारियों को दण्डित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री नारायण पाल<br>12.06.2009 | *3. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2007–08 व 2008–09 में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के तहत प्रदेश को कुल कितनी धनराशि स्वीकृत थी और इसमें से कितनी राशि खर्च हुई है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि स्वीकृत पूर्ण राशि का उपयोग नही किया जा सका है? यदि नहीं, तो क्यों? मा0 मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007 से 2009 तक इस योजना के तहत जनपद ऊधमसिंह नगर के सितारगंज, शक्तिगढ़ व नानकमत्ता क्षेत्रों के किन–किन गांवों में कुल कितनी धनराशि के कार्य किये गये? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय स्थगन |

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज तिवारी<br>17.09.2009 | *1. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में भूमिगत जल स्तर तेजी से घट रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त समस्या के निदान हेतु कोई ठोस कदम उठा रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्रीमती अमृता रावत<br>29.09.2009 | *2. विधान सभा के द्वितीय सत्र 2009 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 03 के उत्तर के क्रम में क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रस्तावित मार्गों पर बस सेवाए संचालित किए बिना ही किसी मार्ग को अलाभकारी घोषित किए जाने का आधार क्या है? क्या परिवहन मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के जिन–जिन मोटर मार्गों पर उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बस सेवाएं संचालित होती आ रही है, क्या वे सभी मार्ग लाभकारी है? यदि हां, तो प्रत्येक मार्ग पर प्रतिमाह हो रहे औसतन लाभ का विवरण क्या हैं? | परिवहन |
| श्री यशपाल बेनाम<br>14.10.2009 | *3. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार प्रदेश में अनाथ बच्चों के भरण–पोषण और शिक्षा हेतु किसी योजना का निर्धारण करने पर विचार कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री यशपाल बेनाम<br>14.10.2009 | *4. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश में बढ़ते हुये ट्रैफिक और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये यात्रा–रूट पौड़ी से होकर भी किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

श्रीमती अमृता रावत
21.10.2009

*5. विधान सभा के द्वितीय सत्र 2009 के द्वितीय बुधवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के तारांकित प्रश्न संख्या 09 के उत्तर के क्रम में क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा, दिनांक 19 अक्टूबर 2006 को हरिद्वार में जिन पांच पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु एक सौ करोड़ की केन्द्रीय सहायता दिए जाने की घोषणा की गई है उन योजनाओं को स्वैप मोड़ में गठित करवाएं जाने का औचित्य क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 प्रधानमंत्री जी की घोषणा के अनुसार 100 करोड़ की केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने हेतु राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही और किए गए ठोस प्रयासों का विवरण क्या है तथा वर्ष 2006 से अभी तक इन योजनाओं का प्राकलन स्वैप मोड में गठित न किए जाने के कारण क्या है तथा कब तक प्राक्लन गठित किया जायेगा? क्या यह भी सत्य है कि उक्त तारांकित प्रश्न संख्या 09 के उत्तर में वर्णित कतिपय पम्पिंग पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी जारी की जा चुकी है? यदि हां, तो इन योजनाओं तथा उनके निर्माण हेतु स्वीकृत धनराशि का विवरण क्या है? तथा स्वीकृत धनराशि अभी तक अवमुक्त न किए जाने के कारण क्या है तथा कब तक स्वीकृत धनराशि अवमुक्त की जायेगी?

पेयजल

श्री सुरेन्द्र राकेश
26.10.2009

*6. क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य योजना आयोग में कार्यरत शोध अधिकारी का विधिवत पुनर्गठन के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के लिए आवंटन हुआ है? यदि नहीं, तो ऐसे अधिकारी को उत्तराखण्ड में नियोजन विभाग के साथ वरिष्ठता सूची में सबसे ऊपर दर्शाने का क्या आधार है? क्या यह भी सत्य है कि पुनर्गठन अधिनियम 2000 के प्रावधानों के बाद दिनांक 29.06.2001 को 8 माह के बाद, ऐसे अधिकारी जिन्होंने विभाग में कार्य ही नहीं किया है, उनका सचिव समन्वय, उ0प्र0 शासन के द्वारा जारी विनियमितीकरण के आदेशों को उत्तराखण्ड शासन नियोजन विभाग द्वारा नियम विरूद्ध पाये जाने पर अमान्य कर दिनांक 04.08.2001 को संसूचित किया गया है? यदि हां, तो 8 वर्ष के पश्चात् उसी विधि विरूद्ध व निरस्त आदेश को वर्तमान सचिव नियोजन द्वारा मान्य करने के क्या आधार है जिस कारण मूल कार्मिकों की ज्येष्ठता में विवादास्पद स्थिति पैदा की गई? क्या सरकार विनियमितीकरण के विधि विरूद्ध आदेश को निरस्त कर विभाग के मूल कार्मिकों के साथ न्याय करेगी तथा दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

नियोजन

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
27.10.2009

*7. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम में एजेन्सी के माध्यम से ठेके पर चालक और परिचालकों की भर्ती की जा रही है, जिन्हें 50 पैसे प्रति कि0मी0 की दर से भुगतान किया जा रहा है? यदि हां, तो इनमें उत्तराखण्ड के कितने मूल निवासियों को अब तक भर्ती किया गया है?

परिवहन

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>27.10.2009 | *8. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या उत्तराखण्ड में स्थापित उद्योगों द्वारा न्यूनतम वेतन एवं फैक्ट्री कानून का अक्षरशः पालन किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्या सरकार राज्य में स्थापित उद्योगों में कार्यरत मजदूरों के शोषण को रोकने हेतु कोई कारगर कदम उठायेगी? | श्रम |
| **श्री शेर सिंह गढ़िया<br>29.10.2009** | ***9. अस्पस्टता के आधार पर निरस्त।** | वन |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>03.11.2009 | *10. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में **"अन्य पिछड़ा वर्ग"** छात्रवृत्ति हेतु शासन द्वारा अभिभावकों की मासिक आय रू0 1000/– प्रतिमाह तय की गयी है? क्या सरकार उक्त अर्हता की आय सीमा में वृद्वि कर, रू0 1000/– से बढ़ाकर रू0 3000/– करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री मयूख महर<br>05.11.2009 | *11. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जल संस्थान उत्तराखण्ड में वर्ष 2002 से पूर्व 20 से 30 वर्ष की सेवा के उपरान्त भी सेवा निवृत कर्मचारियों को मात्र 150/ से 199/प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है एवं मृतक आश्रितों को विधवा पेंशन भी नहीं दी जा रही है? क्या यह सत्य है कि वर्ष 2002 के उपरान्त सेवा निवृत कर्मचारियों को राज्य कर्मियों की भॉति पेंशन मय महंगाई भत्ते के व पारिवारिक पेंशन भी दी जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार इस विसंगति को दूर करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>09.11.2009 | *12. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के नानक सागर, शारदा सागर, बैगुलडाम, घौरा जलाशय और तुमड़िया डाम को उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तराखण्ड सरकार को हस्तांतरित कर दिया है? यदि हां, तो क्या सरकार इन जलाशयों के सुधारीकरण हेतु विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>23.10.2009 | *13. क्या प्रोटोकॉल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भ्रमण पर आने वाले महानुभावों/ अतिथियों के आवागमन हेतु वाहनों की व्यवस्था के क्या मानक है तथा वाहन किराये पर लेंने हेतु किस–किस एजेन्सी को अनुबन्धित किया गया है? क्या अनुबन्धन हेतु अधिप्राप्ति नियमावली 2008 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? वाहनों के किराये पर विगत 3 वर्षो में किये गये व्यय का विवरण क्या है? | प्रोटोकॉल |

| | | |
|---|---|---|
| हाजी तसलीम अहमद<br>24.11.2009 | ***14.** क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्र पोषित त्वरित सिंचाई लाभ योजना ए0आई0बी0पी0 के अन्तर्गत मैदानी क्षेत्र के निजी नलकूपो पर गूल निर्माण किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करेंगे? यदि हां, तो क्या सरकार इसी वित्तीय वर्ष में मैदानी जनपदो से प्रस्ताव प्राप्त करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज तिवारी<br>17.09.2009 | **1.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पिथौरागढ़ में रई झील, चम्पावत में कालीढ़ेक झील, बागेश्वर में बागनाथ झील, रानीखेत में विमाण्डलेश्वर झील, रूद्रपुर में कल्याणी झील, आदि विभिन्न झीलों का पर्यटन की दृष्टि से निर्माण कराया जा रहा है? यदि हां, तो क्या जनपद अल्मोड़ा में भी कोई कृत्रिम झील के निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री मनोज तिवारी<br>17.09.2009 | **2.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल कृषि योग्य क्षेत्रफल कितना है तथा इसमें कितना अंश सिंचाई विभाग का है? | **सिंचाई** |
| श्री मनोज तिवारी<br>17.09.2009 | **3.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई विभाग के अन्तर्गत प्रदेश में नाबार्ड वित्त पोषित कितनी योजनाएं कच्ची गूलों को पक्का करने हेतु चल रही है तथा इन योजनाओं की लागत क्या है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि नाबार्ड से 8 % की दर से उपरोक्त योजनाओं हेतु ऋण लिया जाना राज्य हित में आवश्यक था? | **सिंचाई** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>17.09.2009 | **4.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत कि उत्तराखण्ड में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आई0टी0आई0 के अधीक्षकों का वेतनमान रू0 5500–9000 है तथा श्रम विभाग द्वारा संचालित आई0टी0आई0 के अधीक्षकों का वेतनमान 8000–13000 है जबकि समान कार्य समान वेतन नीति के अन्तर्गत दोनो विभागों के आई0टी0आई0 अधीक्षकों का वेतनमान समान होना चाहिए था? यदि हां, तो इस विसंगति के क्या कारण है? क्या सरकार समाज कल्याण द्वारा संचालित आई0टी0आई0 अधीक्षकों को वेतनमान श्रम विभाग द्वारा संचालित आई0टी0आई0 अधीक्षकों के वेतनमान के बराबर करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>22.09.2009 | **5.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत लालढ़ाग–चित्तरखाल वन मोटर मार्ग के निर्माण का आगणन शासन को स्वीकृति हेतु भेजा गया है? यदि हां, तो उक्त मोटर मार्ग का कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |

श्रीमती अमृता रावत
23.09.2009

**6.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोखाल के अन्तर्गत 18 स्थानों पर हैण्ड पम्प अधिष्ठापित करने के सम्बन्ध में आपके पत्रांक संख्या–9579 दिनांक 24.12.2008 के द्वारा अधिशासी अभियंता जल संस्थान, पौड़ी को त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है? यदि हां, तो प्रस्तावित 18 स्थानों पर हैण्ड पम्प अधिष्ठापित किये जाने के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक इन 18 स्थानों पर हैण्डपम्प अधिष्ठापित कर दिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

**पेयजल**

श्रीमती अमृता रावत
23.09.2009

**7.** क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के स्थान व्यासचट्टी (व्यासघाट) में साधन सहकारी समिति व्यासचट्टी का भवन कब और किसकी भूमि पर निर्मित किया गया है तथा इस भवन के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई है? क्या यह सत्य है कि व्यासचट्टी में साधन सहकारी समिति का यह भवन बिना उपयोग के क्षतिग्रस्त होता जा रहा है? यदि हां, तो इसके क्या कारण है तथा विभाग द्वारा इस भवन की सुरक्षा, अनुरक्षण एवं उपयोग की दिशा में क्या प्रयास किये जा रहे हैं?

**सहकारिता**

श्रीमती अमृता रावत
23.09.2009

**8.** विधान सभा के द्वितीय सत्र 2009 के द्वितीय गुरूवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 18 के उत्तर के कम में क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) पौड़ी का संचालन कहां और किसके भवन पर कब से किया जा रहा है, और उस भवन का मासिक किराया क्या है तथा अब तक भवन किराए के रूप में कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है? और राजकीय सम्प्रेक्षण गृह के निर्मित होने के पश्चात् भी सम्प्रेक्षण गृह का संचालन किराए के मकान पर किए जाने का कारण एवं औचित्य क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भवन किराए के रूप में राजकीय धन के अपव्यय के प्रति कौन उत्तरदायी है?

**समाज कल्याण**

श्रीमती अमृता रावत
24.09.2009

**9.** विधान सभा के तृतीय सत्र 2008 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 28 के उत्तर के कम में क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिबई–विरगना मोटर मार्ग निर्माण के मलवे से क्षतिग्रस्त जिवई हाईड्रम की मरम्मत कर योजना चालू करने/करवाने की दिशा में हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक क्षतिग्रस्त हाईड्रम योजना से कृषकों को सिंचाई सुविधा मिलनी प्रारम्भ हो जायेगी?

**लघु सिंचाई**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>24.09.2009 | **10.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कलजीखाल के अन्तर्गत सतपुली–व्यासघाट मोटर मार्ग पर स्थित थनगड़ गधेरे में थनगड–चोपड़ा नहर का विस्तार खाण्डासैण तक कर ग्राम के अनुसूचित जाति के परिवारों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध किये जाने की योजना बनाई गई है? यदि हां, तो थनगड–चोपड़ा नहर का खाण्डासैण तक विस्तार करने तथा उसके अनुरक्षण पर अब तक कब–कब कितनी–कितनी धनराशि किस–किस मद में व्यय की गई है? क्या यह सत्य है कि थनगड–चोपड़ा नहर के विस्तार तथा उसके अनुरक्षण पर व्यय की गई धनराशि का लाभ ग्राम खाण्डा के अनुसूचित जाति के परिवारों को आज तक नही मिल पाया है? यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी है तथा कब तक इन अनुसूचित जाति के परिवारों को स्थान खाण्डासैण में स्थित समतल कृषि योग्य भूमि की सिंचाई सुविधा मिल जायेगी? | सिंचाई |
| श्रीमती अमृता रावत<br>24.09.2009 | **11.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई कार्य मण्डल श्रीनगर (गढ़वाल) के अधीक्षण अभियंता के पत्रांक 21/1/सि0का0म0श्री0/एम–5 (लो0नि0) दिनांक 05 जनवरी, 2009 के अनुपालन में अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खण्ड श्रीनगर (गढ़वाल) द्वारा बैराणीनाद तोक से पतरखण्डी तक सिंचाई नहर का विस्तारीकरण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या हैं? | सिंचाई |
| श्रीमती अमृता रावत<br>25.09.2009 | **12.** विधान सभा के द्वितीय सत्र 2009 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 11 के उत्तर के क्रम में क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मरोड़ा हाईड्रम योजना से वर्ष 2004–05 के बाद अब तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध न कराए जाने के कारण क्या है? क्या सरकार उक्त हाईड्रम योजना से पुनः सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाए जाने हेतु कार्रवाई करने पर विचार करेंगी? | लघु सिंचाई |
| श्रीमती अमृता रावत<br>01.10.2009 | **13.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2008–09 तथा वर्ष 2009–10 में (अब तक) किन–किन विकास खण्ड़ों के किन–किन स्थानों पर हैण्डपम्प अधिष्ठापित किए गए है और सभी हैण्ड पम्पों से नियमित जलापूर्ति हो रही है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या पेयजल मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत किन–किन विकास खण्ड़ों के किन–किन स्थानों पर हैण्डपम्प अधिष्ठापित किए जाने की मांग विचाराधीन हे तथा इन मांगों पर कब तक सकारात्मक कार्यवाही की जायेगी? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>01.10.2009 | **14.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत विवाह अथवा उपचार हेतु वर्ष 2008–09 तथा वर्ष 2009–10 में (अब तक) कितने और किस–किस के प्रार्थना पत्र आर्थिक सहायता हेतु प्राप्त हुये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इनमें किस–किस को कितनी–कितनी आर्थिक सहायता प्रदान की गई है और शेष को आर्थिक सहायता प्रदान न किए जाने के क्या कारण हैं? | **स्थगित** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>01.10.2009 | **15.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के भिक्यासैण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मानिला बरकिड़ा बमनचौना बैल–नैकणा पेयजल योजनाओं पर स्वैप मोड़ के तहत सभी कार्यवाही ग्राम समिति द्वारा पूर्ण करने के बाद भी इन योजनाओं की अभी तक स्वीकृति नही मिलने के क्या कारण है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पेयजल की गम्भीरता को देखते हुए इन लम्बित पेयजल योजनाओं की स्वीकृति इसी वित्तीय वर्ष में आरम्भ कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>05.10.2009 | **16.** क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत भिक्यासैण विधान सभा क्षेत्र के मासी नामक स्थान पर आई0टी0आई0 खोलने की स्वीकृति प्राप्त है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त भवन का आगणन शासन में काफी समय से विचाराधीन है? यदि हां, तो कब तक उक्त भवन निर्माण का कार्य आरम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **श्रम** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>05.10.2009 | **17.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में विधान सभा क्षेत्र भिक्यासैण के अन्तर्गत वर्ष 2006–07, 2007–08 व 2008–09 में किन–किन स्थानों पर कुल कितने हैण्डपम्प स्थापित किये गये है एवं उनमें से कुल कितने हैण्डपम्प बन्द पड़े हुए है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि बन्द पड़े हैण्डपम्पों की मरम्मत हेतु सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.10.2009 | **18.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के भिक्यासैण विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा कितनी नहरों का निर्माण किया गया है एवं निर्मित नहरों से कितने हैक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि तुराचौरा–डुगरी–सदीगांव सिंचाई योजना व चौखुटिया विकास खण्ड में थापला गांव की कोई सिंचाई योजना निर्माण हेतु विचाराधीन है? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य आरम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.10.2009 | **19.** क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के भिक्यासैण विकास खण्ड के अन्तर्गत बिनायक से दिल्ली तक राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों का संचालन विगत अनेक वर्षो से पूरी तरह बन्द है जिससे ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार बन्द बस सेवाओं को बहाल करने की कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>07.10.2009 | **20.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत भैरवगढ़ी ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में सांसद, गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के पत्रांक 991/सम/23–पेयजल/2009–10 दिनांक 30 जून 2009 कब प्राप्त हुआ है और प्रस्तावित पेयजल योजना के निर्माण हेतु अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भैरवगढ़ी ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना का निर्माण कब तक किया जायेगा? | **पेयजल** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.10.2009 | **21.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 12.12.2007 को जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत भालू के हमले से घायल के उपचार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के दिनांक 25.07.2008 तथा दिनांक 08 दिसम्बर 2008 के पत्र के साथ पीड़िता का प्रत्यावेदन प्रभागीय परगनाधिकारी पौड़ी गढ़वाल को कब प्राप्त हुआ? क्या सरकार यह भी बतायेंगे कि पीड़िता के उपचार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है? | **वन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.10.2009 | **22.** क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत संचालित साधन सहकारी समितियों द्वारा किए गए कार्यों तथा आय–व्यय एवं लाभ हानि का समितिवार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन समितियों को सुदृढ़ बनाने तथा कारोवार का विस्तार किये जाने के सम्बन्ध में कोई योजना सरकार द्वारा तैयार की गई है? यदि हां, तो योजना का विवरण क्या है? | **सहकारिता** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.10.2009 | **23.** क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कितनी और कौन–कौन सी साधन सहकारी एवं अन्य सहकारी समितिया है? क्या सरकार यह भी बतायेंगी कि इन साधन सहकारी समितियों में कौन–कौन सी ऐसी समितियां है जिनके कार्य संचालन हेतु सचिवों की तैनाती नहीं है तथा इन सचिव विहीन समितियों में सचिवों की तैनाती कब तक सुनिश्चित कर दी जायेंगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **सहकारिता** |
| श्री केदार सिंह रावत<br>13.10.2009 | **24.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितनी ग्राम पंचायतों में जनजाति एवं अन्य परम्परागत वनवासी (वन अधिकार) अधिनियम के तहत वन अधिकारी समितियां गठित कर दी गई है तथा कितनी समितियों ने कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है? | **समाज कल्याण** |
| श्री केदार सिंह रावत<br>13.10.2009 | **25.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनजाति एवं अन्य परम्परागत वनवासी (वन अधिकार) अधिनियम के तहत ग्राम वन अधिकारी समितियों को प्रशिक्षण दिया गया है? यदि हां, तो कितनी समितियों को? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यशपाल बेनाम<br>14.10.2009 | **26.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत मुण्डेश्वर, भिन्वाड़ी डांडा, कोटना–पाट एवं श्रीनगर–ढिकालगांव पम्पिंग पेयजल योजनाओं को स्वैप से बाहर रखने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्रीमती अमृता रावत<br>14.10.2009 | **27.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन गुजरों को स्थायी निवास करने की अनुमति प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के दिनांक 30.05.2009 के पत्र के साथ प्रधान, ग्रामसभा लोकमणीपुर, कोटद्वार (गढ़वाल) का पत्र प्रभागीय वनाधिकारी कोटद्वार (गढ़वाल) को कब प्राप्त हुआ है और पत्र में वर्णित तथ्यों पर अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या हैं? | वन |
| श्रीमती अमृता रावत<br>20.10.2009 | **28.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अपर परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र संख्या 4424 / एस0टी0ए0 / दस–39 / 2007 दिनांक 05 / 07 मई 2007 तथा महाप्रबन्धक (संचालक) उत्तराखण्ड परिवहन निगम, उत्तराखण्ड देहरादून के पत्र संख्या 1853 / नि0यु0 / संचालन–सामान्य–शासन / 07 दिनांक 05 अक्टूबर 2007 के द्वारा देहरादून–व्यासघाट–सतपुली तथा देहरादून से देवप्रयाग–बहेड़ाखाल–डांडानागराजा तक बस सेवाओं के संचालन हेतु अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त मार्गों पर उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा? | परिवहन |
| श्रीमती अमृता रावत<br>20.10.2009 | **29.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत बस सेवाओं के नियमित संचालन के सम्बन्ध में परिवहन आयुक्त के पत्र संख्या 4423 / एस0टी0ए0 / दस–24 / 2007 दिनांक 07.05.2007, पत्र संख्या 5368 / एस0टी0ए0 / दस–24 / 2007 दिनांक 17.08.2007 तथा पत्र संख्या 5788 / एस0टी0ए0 / दस–24 / 2007 दिनांक 09.10.2007 के द्वारा सम्भागीय परिवहन अधिकारी पौड़ी गढ़वाल को दिए गए निर्देशों का विवरण क्या है, तथा उनके अनुपालन में की गई कार्यवाही का विवरण क्या हैं? | परिवहन |
| श्रीमती अमृता रावत<br>20.10.2009 | **30.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत डांडानागराजा–बहेड़ाखाल–सतपुली–कोटद्वार–दिल्ली तक उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बस सेवा संचालित करने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री कार्यालय के कम्प्यूटर संख्या जी0इ0 / 5633 / 2007(1) दिनांक 10 जुलाई 2007 के द्वारा प्रमुख सचिव परिवहन को संदर्भित किए जाने की जानकारी दी गई है? क्या यह भी सत्य है कि अपर सचिव उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 143 / 1X / सी0एम0 / 2007 दिनांक 18 दिसम्बर 2007 के द्वारा यह जानकारी दी गई हे कि निकट भविष्य में परिवहन निगम की छोटी बस मिल जाने तथा कू की भर्ती हो जाने पर डांडानागराजा–बहेड़ाखाल मार्ग पर भी बस संचालन नियमित कर दिया जायेगा? यदि हां, तो कब तक डांडानागराजा– बहेड़ाखाल– सतपुली–कोटद्वार–दिल्ली तक बस सेवा का संचालन किया जायेगा? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>21.10.2009 | **31.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लिए वर्ष 2007–08 तथा वर्ष 2008–09 एवं वर्ष 2009–10 में (अब तक) स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत कितना बजट आवंटित किया गया है तथा स्वीकृत बजट के अन्तर्गत स्वीकृत/निर्मित योजनाओं का विधान सभा वार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि स्वीकृत/आवंटित बजट के सापेक्ष में कितनी–कितनी धनराशि किस–किस वित्तीय वर्ष में व्यय की गई है और अवशेष धनराशि व्यय न किए जाने के प्रति कौन उत्तरदायी है? | **स्थगित** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>26.10.2009 | **32.** क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्ववर्ती राज्य उ0 प्र0 में राज्य नियोजन संस्थान (नवीन प्रभाग) व मूल्यांकन निदेशालय पृथक–पृथक संवर्ग होने के फलस्वस्य उनके पदनाम व शैक्षिक योग्यता भिन्न होने पर आवंटन सूची भी पृथक–पृथक प्राप्त हुई थी? यदि हां, तो पृथक अधिष्ठानों/संवर्गो से उत्तराखण्ड में आये कार्मिकों को नियमों के विपरीत राज्य योजना आयोग के एक ही ढ़ांचे में समायोजित किए जाने से पूर्व क्या आमेलन नियमावली बनायी गयी? यदि हां, तो क्या इससे प्रभावित भिन्न संवर्ग के कार्मिकों की सहमति ली गयी? यदि नहीं, तो क्यो? क्या ज्येष्ठता व अलाभकारी परिस्थितियों सम्बन्धी विवादों के समाधान हेतु पृथक मूल्यांकन निदेशालय के गठन पर सरकार विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **नियोजन** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>26.10.2009 | **33.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ विधान सभा धारचूला मुनस्यारी जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है? क्या यह सत्य है कि अनुसूचित जनजाति हेतु सरकारी नौकरियों में सरकार द्वारा 4 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया गया हैं? यदि हां, तो क्या सरकार की उक्त आरक्षण का प्रतिशत बढ़ायें जाने की कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय सोमवार के अता0 1 में स्था0** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>26.10.2009 | **34.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 1994–95 में जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड देवप्रयाग के अन्तर्गत जामणीखाल–बगवान मोटर मार्ग निर्माण से क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण चमियाड़ी पेयजल योजना से जलापूर्ति बन्द पड़ी हुई है? यदि हां, तो चमियाड़ी पेयजल योजना से जलापूर्ति बहाल न किए जाने के कारण क्या हैं तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी है, और कब से उक्त पेयजल योजना से जलापूर्ति बहाल की जायेगी? | **पेयजल** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>27.10.2009 | **35.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भूमि हीन राजी जनजाति के परिवारों के उत्थान के लिए सरकार पुनर्वास की कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>28.10.2009 | **36.** क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कोटद्वार शहर से उत्तराखण्ड के पहाड़ी मार्गों हेतु बसों का संचालन किया जाता हैं? क्या यह सत्य है कि इस शहर का बस अड्डा पूर्णतया कच्चा है और बरसात में यहां पर बड़ी मात्रा में पानी भरा रहता हैं? यदि हां, तो सरकार कब तक उक्त बस अड्डे को पक्का करने पर विचार करेंगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>28.10.2009 | **37.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में राज्य स्तरीय मोटर मार्गों पर परिवहन विभाग की बसों का संचालन सुव्यवस्थित रूप से हो रहा है? यदि नहीं, तो क्या सरकार राज्य स्तरीय मोटर मार्गों पर परिवहन विभाग की बसों का संचालन करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>29.10.2009 | **38.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में एस0सी0पी0 योजना के अन्तर्गत बजट निर्धारण करने के क्या मापदण्ड हैं? क्या सरकार यह भी बतायेंगी कि निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप विगत तीन वर्षों में कितना बजट आवंटित एवं खर्च हुआ हैं? क्या प्रदेश सरकार द्वारा योजना आयोग भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री मनोज तिवारी<br>29.10.2009 | **39.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वन विभाग के मानचित्रकारों की वेतन विसंगति एवं पदोन्नति के आदेश निर्गत किये जा चुके हैं? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री मयूख महर<br>29.10.2009 | **40.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ़ शहर हेतु बन रही सीवर लाईन का कार्य कितना प्रतिशत सम्पन्न हुआ है? क्या यह योजना निर्धारित समय में बन जायेगी? यदि हां, तो वह निर्धारित तिथि क्या है? | **पेयजल** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>04.11.2009 | **41.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र धारचूला में बालिका आश्रम पद्वति विद्यालय गोठी का भवन निर्माण कार्य स्वीकृतः है? यदि हां, तो भवन निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>05.11.2009 | **42.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला हरिद्वार में सीमित आय वाले परिवारों से प्राप्त आवेदन के सापेक्ष बहुत कम परिवारों की कन्याओं को कन्याधन योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त हो रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में सभी सीमित आय वाले परिवार की कन्याओं को लाभ प्रदान करने के लिए प्राप्त आवेदन के सापेक्ष बजट उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |

श्री मयूख महर
06.11.2009

**43.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा जनपद पिथौरागढ़ में नारायण नगर, अस्कोट तथा भागीचौरा (गर्खा) कस्बे के लिये कुल कितनी पेयजल योजनायें अब तक बनायी गयी है तथा उनमें कितनी याजनाओं में जल सुचारू रूप से चल रहा है? क्या उक्त क्षेत्र में पानी की कमी है? यदि हां, तो क्या सरकार इस क्षेत्र के लिये चर्मा नाले से लिफ्ट योजना बनाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**पेयजल**

श्री मयूख महर
06.11.2009

**44.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अटल आवास वितरण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है? यदि हां, तो क्या लाभार्थी को बी0पी0एल0 धारक होना अनिवार्य है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी जनपद पिथौरागढ़ के प्रत्येक वि0ख0 के लाभार्थियों के नाम तथा बी0पी0एल0 नम्बर सहित सूची उपलब्ध करायेंगी?

**समाज कल्याण**

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
06.11.2009

**45.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि विकलांग व्यक्तियों को सरकार द्वारा विकलांग वाहन ( इन्वेलिड कैरियर ऑटो रिक्शा) उपलब्ध कराया जाता है? यदि हां, तो जिला समाज कल्याण अधिकारी–हरिद्वार को सम्बोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक ग–8020 दिनांक 25.10.2009 में उल्लिखित पत्र पर विभाग द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गयी? क्या सरकार जनहित में, 100 प्रतिशत विकलांग व्यक्तियों को प्राथमिकता पर विकलांग वाहन उपलब्ध करायेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**समाज कल्याण**

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
06.11.2009

**46.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के बाढ़ प्रभावित, खानपुर तथा लक्सर विकास खण्डों के अन्तर्गत सौलानी नदी के बायें तट पर, मोहम्मदपुर खादर से शेरपुर खादर तक तटबंध निर्माण व सौलानी नदी के बांये तट पर बसे ग्राम हस्तमौली की बाढ़ सुरक्षा योजना, गंगा नदी के बायें तट की ओर बालावली रेलवे पुल के डाउन स्ट्रीम में बसे ग्राम डुमनपुरी की बाढ़ सुरक्षा योजना, बालावाली बन्ध से खानपुर बन्ध तक मार्जिनल बन्ध के निर्माण की योजना एवं सौलानी नदी पर बसे ग्राम जौरासी, शिकारपुर एवं लादपुर की बाढ़ सुरक्षा योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है? क्या सरकार द्वारा उपरोक्त योजनाओं को जनहित में शीघ्र पूर्ण किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**सिंचाई**

श्री गोपाल सिंह राणा
10.11.2009

**47.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सरकार के विभिन्न विभागों को वर्ष 2009–10 के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति उपयोजना में कुल कितनी धनराशि प्राविधानित की गई है तथा विभागवार कितनी–कितनी धनराशि आवंटित की गई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2009–10 में अनुसूचित जाति/जनजाति उपयोजना की धनराशि को शत्प्रतिशत व्यय का अनुश्रवण किस प्रकार किए जाने की योजना है?

**समाज कल्याण**

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>16.11.2009 | **48.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि विकलांगजन कानून 1995 जो कि 1996 से अस्तित्व में आया की धारा 33 के अनुसार प्रत्येक सरकारी मंत्रालय, विभाग तथा उनके अन्तर्गत आने वाले उपक्रमों में 3 प्रतिशत आरक्षण विकलांगों के लिए अनिवार्य हो, जो कि 1 प्रतिशत के हिसाब से दृष्टिहीनों, अस्थि विकलांगों एवं श्रवण विकलांगों में बांटे जाने का प्राविधान है? यदि हां, तो क्या मा0 मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में न तो धारा 33 के प्राविधानों के अन्तर्गत आदेश निर्गत हुये हैं न ही वर्तमान में उनका पालन हो रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार विभागों तथा उनके अन्तर्गत आने वाले उपक्रमों में 3 प्रतिशत आरक्षण विकलांगों के लिए अनिवार्य करने पर विचार करेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री जोगाराम टम्टा<br>18.11.2009 | **49.** क्या सिंचाई मंत्री कृपया बतायेंगे कि ग्राम पंचायत रैतोला, तहसील व विकास खण्ड गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ़ के अन्तर्गत ग्राम नागधूणा के तोक पीपरतोला में सिंचाई हेतु पीपरतोला व ग्राम कैंणा के बीच जलाशय निर्माण हेतु सर्वेक्षण तथा विभागीय मानकों का परीक्षण कर लिया गया हैं? यदि हॉ, तो वह क्या है? यदि नही, तो क्यों? परीक्षण एवं योजना की स्वीकृति कब तक प्रदान की जायेगी ? | **सिंचाई** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>20.11.2009 | **50.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के भिक्यासैंण विकास खण्ड में नौला नामक स्थान पर जल निगम का डिवीजन में जूनियर इंजीनियर के 14 पदो के सापेक्ष वर्तमान में केवल 3 जूनियर इंजीनियर कार्यरत है? यदि हॉ, तो क्या सरकार उपरोक्त डिवीजन में स्टाफ आदि की समुचित व्यवस्था करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **पेयजल** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>24.11.2009 | **51.** क्या लघु सिचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार, देहरादून, उधमसिंहनगर में गहरे नलकूप एवं उथले नलकूप पर दिये जाने वाले अनुदान मद में कोई बजट उपलब्ध नही है? यदि हॉ, तो क्या सरकार किसानों के हित में उक्त जनपदो मे नलकूपो हेतु बजट उपलब्ध करायेंगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>30.11.2009 | **52.** क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लघु सिंचाई विभाग के निर्माण कार्यो को निविदाओं द्वारा सम्पन्न कराये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |